न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः— लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 268 / 2022

होशियार सिंह पुत्र भूराराम, जाति जाट, निवासी 2 / 23, हाउसिंग बोड, चूरू रोड, झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं।

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।
2. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 22.08.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 27.07.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 268 / 2022 पर दिनांक 27.07.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं एवं लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं एवं लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं एवं लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2022 / 3954—56 दिनांक 28.07.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय / सू0अ0 / 22 / 1055 दिनांक 10.08.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी होशियार सिंह पुत्र भूराराम, जाति जाट, निवासी 2 / 23, हाउसिंग बोड, चूरू रोड, झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 08.02.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक एफ 16(4)(5) न्याय / सू0अ0 / 09 / 48 दिनांक 10.02.2022 के द्वारा तहसीलदार, खेतडी को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावे। लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी से वांछित रिपोर्ट प्राप्त नही।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय / सू0अ0 / 22 / 1055 दिनांक 10.08.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी होशियार सिंह पुत्र भूराराम, जाति जाट, निवासी 2 / 23, हाउसिंग बोड, चूरू रोड, झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 08.02.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्रांक एफ 16(4)(5) न्याय / सू0अ0 / 09 / 48 दिनांक 10.02.2022 के द्वारा तहसीलदार, खेतडी को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी से वांछित रिपोर्ट प्राप्त नही। इससे जाहिर है कि अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी द्वारा वांछित सूचना [illegible] है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है है कि [illegible] सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी अपीलार्थी को वांछित सूचना 7 दिवस मे निःशुल्क [illegible]
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप [illegible] द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 22.08.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.08.24 12:46:46 IST
Reason: SelfAttested

(एल0एस0कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं